हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026

04 एनएच 44 पर कैलगुवां ओवरब्रिज की एक लेन का...



07 इलाज के लिए मुरैना जिले पर आश्रित बनी विजयपुर...






## खबर संक्षेप

### शहर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी गल्ला मंडी स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष आज धरना देगी। उक्त जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित गंदा पानी पीने से दो दर्जन से अधिक मौतें हो चुकी है। जिससे सभी में आक्रोश व्याप्त है। महेश जाटव ने कहा कि इस मामले को लेकर समस्त कांग्रेसजन पुरानी गल्ला मंडी परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय धरना-उपवास का आयोजन सुबह 11:30 बजे से किया जा रहा है। उक्त धरना उपवास आयोजन में समस्त कांग्रेस जनों से उपस्थित होने की अपील की है।

### 20 जनवरी को बीना में होने वाली जनसुनवाई स्थगित

**सागर।** सागर जिले के बीना विकासखंड में आगामी 20 जनवरी दिन मंगलवार को होने वाली विशेष जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार नवीन तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। अन्य विकासखंड में जनसुनवाई यथावत निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जाएगीं।

### मां कामाख्या देवी जाएगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 31 जनवरी को वैष्णों देवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। वैष्णोंदेवी जाने वाली तीर्थयात्रा अब मां कामाख्या देवी के लिए दिनांक 31 जनवरी को की जावेगी। मां कामाख्या देवी जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर संदीप जी आर ने उक्त के संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम सागर, अधिशासी अधिकारी छावनी मंडल जिला सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी / कार्यपालन जनपद पंचायत (समस्त), मुख्य नगर पलिका अधिकारी/नगर परिषद् (समस्त) को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया कि तीर्थ यात्रियों के लिए माँ वैष्णोदेवी तीर्थ हेतु यात्रा प्रस्तावित की गई थी उक्त यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। सागर जिले से 31.01.2026 से 05.02.2026 तक मॉ वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा के स्थान पर कामाख्या धाम हेतु यात्रा जाना प्रस्तावित होने से समस्त तीर्थयात्रियों को सूचित कर लिखित में सहमति प्राप्त कर कार्यालय को दिनांक 17.01.2026 को सायं 5 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुअल आईडी जनरेट होगा ।-

संभाग में रोगी कल्याण समिति की बैठकें निर्धारित समय में कराना सुनिश्चित करें

## स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी कलेक्टरों, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर कल्याण कारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से मरीजों, महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर उपचार और संदर्भ सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सेवाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला स्तर पर होने वाली रोगी कल्याण समिति एवं पोषण समिति की बैठकें अनिवार्यता निर्धारित समय अवधि में कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच तथा उनका टीकाकरण भी समय-समय पर सुनिश्चित कराएं तथा उन्हें अन्य संदर्भ सेवाएं भी समय-समय पर मुहैया कराएं।



कमिश्नर ने महिलाओं में एनीमिया की स्थिति एवं ब्लड प्रेशर की जांच कराने के भी निर्देश दिए तथा उनके उपचार की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कमिश्नर ने क्षय रोग से पीड़ति व्यक्तियों के उपचार के लिए सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए तथा कहा कि सागर संभाग में क्षय रोग रोगियों की पहचान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएं तथा क्षय रोगियों की जांच कर उन्हें समुचित उपचार मुहैया कराया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सागर संभाग के कलेक्टरर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।




### बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की श्रुति शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीता प्रथम पुरस्कार

**सागर।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग के फिजियोथेरेपी विंग में कार्यरत श्रुति शर्मा ने संस्थान का गौरव बढ़ाते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भुवनेश्वर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैनुअल थेरेपी कॉन्फ्रेंस 2026 में साइंटिफिक पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान कटक द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया था। वर्तमान में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में मरीजों के उच्च स्तरीय उपचार के साथ-साथ अनुसंधान एवं नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दिशा में श्रुति शर्मा एवं अर्चना वर्मा द्वारा फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में लगातार शोध कार्य किए जा रहे हैं, जो चिकित्सा जगत में नए बदलाव ला रहे हैं।

## बच्चों व गर्भवती माताओं के आधार, मोबाइल लिंक हेतु आयोजित किए जाएंगे शिविर

### कलेक्टर ने दिए समस्त परियोजना अधिकारियों को आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर 06 माह से 06 वर्ष के बच्चों के पोषण ट्रैकर पर पंजीयन में आधार संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समस्त परियोजना अधिकारियों को आदेशित किया है कि वह अपनी परियोजना अंतर्गत समस्त सेक्टर में गर्भवती महिलाओं एवं 06 माह से 06 वर्ष के बच्चों के आधार कैंप आयोजित कर आधार कार्ड बनवाये एवं माता पिता के आधार को मोबाईल नम्बर से लिंक कराएं जिससे पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।



आदेश के अनुसार प्रत्येक दिवस एक सेक्टर में एक कैंप का आयोजन किया जाएगा। समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने सेक्टर अंतर्गत सभी हितग्राहियों को कैम्प में अनवार्यतः पंजीयन करायेंगे। साथ ही प्रत्येक दिवस परियोजना अधिकारी स्वयं जिला कार्यालय को भी रिपोटिंग भी करेंगे।

बता दें कि विगत दिवस कलेक्टर सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की दिनांक 15.01. 2026 को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में 06 माह से 06 वर्ष के बच्चों के पोषण ट्रैकर पर पंजीयन न होने का कारण बच्चें एवं उनके माता पिता के आधार न होने एवं माता पिता के आधार के मोबाईल लिंक न होना कारण पाया गया है। जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त परियोजना अधिकारियों को आदेशित किया कि कैंप लगाकर बच्चों एवं माता पिता के आधार संबंधी संबंधी समस्याओं दूर किया जाए जिससे पंजीयन प्रकिया पूर्ण की जा सके।

### नगर पालिका परिषद देवरी निर्वाचन हेतु प्रेक्षक की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर पालिका निर्वाचन 2025-26 देवरी जिला सागर के अध्यक्ष को अपने पद पर वापिस बुलाये जाने हेतु होने वाले निर्वाचन के पर्यवेक्षण के लिए आयोग द्वारा अभय वर्मा, भाप्रसे (सेवानिवृत्त) को प्रेक्षक नियुक्ति किया गया है। प्रेक्षक 18 जनवरी से दिनांक 21 जनवरी तक नगर पालिका परिषद देवरी में उपस्थित रहेंगे, राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रमानुसार 19जनवरी को नगर पालिका परिषद देवरी के अंतर्गत आने वाले 30 मतदान केन्द्रों पर प्रातः 7.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक ईव्हीएम के माध्यम से मतदान किया जावेगा, तथा मतगणना 21 जनवरी को प्रातः 9.00 बजे प्रारंभ की जावेगी। नगर पालिका परिषद देवरी के लिए होने वाले निर्वाचन हेतु मुनौबर खान अनुविभागीय अधिकारी देवरी (राजस्व) के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति किया गया है। उपरोक्तानुसार निर्वाचन के लिए आयोग के नियम निर्देशानुसार समस्त आवश्यक तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। तथा मतदान दलों की नियुक्ति की जाकर नियमानुसार प्रशिक्षण आयोजित किए गये तथा 16 जनवरी को द्वितीय प्रशिक्षण आर्ट एण्ड कार्मस कॉलेज में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें मतदान दलों में नियुक्ति कर्मचारियों का उपस्थित होना अनिवार्य हैं। उक्त निर्वाचन हेतु शासकीय नेहरू कॉलेज देवरी में स्ट्रांग रूम एवं मतगणना की व्यवस्था की गई है। शासकीय नेहरू कॉलेज देवरी से मतदान सामग्री का वितरण एवं मतदान दलों की मतदान केन्द्र के लिए रावनगी होगी।

### मंत्री क्रिकेट महाकुंभ बना युवाओं के लिए प्रेरणा का मंच राहतगढ़ और जैसीनगर में दिखा खेल का जुनून

**सागर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में आयोजित मंत्री क्रिकेट महाकुंभ निरंतर रोमांच, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में राहतगढ़ तथा द्वितीय चरण में जैसीनगर मंडल के गोविंद स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित किया कि ग्रामीण अंचलों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। राहतगढ़ में खेले गए पहले मुकाबले में लालबाग क्रिकेट क्लब ने 3 विकेट खोकर 96 रन बनाए, जिसके जवाब में एरन क्रिकेट क्लब ने 2 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर 20 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में हीरनखेड़ा जूनियर की टीम 58 रन पर सिमट गई, जिसे एरन यंग स्टार ने 5 विकेट से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में जूनियर गाजीखेड़ा की टीम मात्र 30 रन पर ऑलआउट हो गई, जबकि हुरा युवा क्रिकेट क्लब ने बिना विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। चैथे मुकाबले में आरडीएक्स झिला ने 165 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया और बरखेड़ा सुपर किंग को 70 रन से हराकर अपनी ताकत दिखाई।

वर्ष 2026 में प्रत्येक नगरीय निकाय को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण करना होगा

## जीरो वेस्ट थीम पर अमृतहरित महाअभियान अंतर्गत संभागीय शहरी पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत संभाग स्तरीय शहरी पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला का आयोजन जीरो वेस्ट थीम पर शुक्रवार को पद्माकर सभागार में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करना, वृक्षारोपण को जनआंदोलन का रूप देना तथा हरित विकास की दिशा में नगरीय निकायों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना है।

कार्यशाला में नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा सागर संभाग की समस्त नगर पालिका एवं नगर परिषदों के अधिकारी, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शासन आदेश अनुसार अमृत हरित महाअभियान के तहत नगरीय निकायों में किए जाने वाले पौधारोपण एवं वृक्षारोपण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2026 के वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नगरीय निकाय को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण करना होगा, साथ ही रोपे गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करनी होगी।




नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि अमृत हरित महाअभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण, तापमान वृद्धि एवं जल संकट से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। सभी नगरीय निकायों को शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के साथ इस अभियान के तहत पौधे रोपित करना चाहिए।

कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा वृक्षारोपण से होने वाले दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें वायु गुणवत्ता में सुधार, जल संरक्षण, तापमान नियंत्रण, जैव विविधता का संरक्षण तथा नागरिकों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव शामिल हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार स्थानीय प्रजातियों के पौधों का चयन कर टिकाऊ एवं प्रभावी हरित क्षेत्र विकसित किए जा सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान अमृत हरित महाअभियान का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिससे उपस्थित अधिकारियों को राज्य स्तर पर चल रही गतिविधियों एवं नवाचारों की जानकारी प्राप्त हुई। इससे नगरीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

कार्यशाला के अंत में सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों से अपील की गई कि वे जनसहभागिता के माध्यम से वृक्षारोपण को अभियान के रूप में संचालित करें तथा रोपे गए पौधों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करें, जिससे अमृत हरित महाअभियान अपने उद्देश्य में पूर्णतः सफल हो सके।

निगमायुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले निकायों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया- नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कार्यशाला में उपस्थित संभाग की नगरीय निकायों द्वारा लक्ष्य अनुसार पौधारोपण का उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह सभी निकाय कार्य करें और अमृत हरित महाअभियान को सफल बनाएं।

कार्यशाला में नगर निगम सागर सहित सागर संभाग की सभी नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वाटर स्पोर्ट्स स्लालम जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में सलोनी शर्मा ने जीता गोल्ड मेडल




**सागर।** वाटर स्पोर्ट्स स्लालम जूनियर नेशनल चैंपियनशिप खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी 2026 को महेश्वर की सहस्त्रधारा घाट पर किया गया, जिसमें खेल परिसर सागर की पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी सलोनी शर्मा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कु. सलोनी शर्मा पूर्व में खेल परिसर में सीमा चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करती थीं। वॉलीबॉल प्रशिक्षक सीमा चक्रवर्ती ने अवगत कराया कि सलोनी शर्मा महेश्वर में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं और जूनियर केनो-सी-1 स्लालम महिला प्रतियोगिता में महज 102.25 की टाइमिंग के साथ स्वर्ण पदक जीतकर सागर जिले को गौरवान्वित किया। इनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रशिक्षक प्रेमनेती राय, संगीता सिंह, मंगल सिंह यादव, श्यामलाल पाल, उमेशचंद मोर्य, नफीस खान एवं कार्यालयीन कर्मचारी महेन्द्र सिंह राजपूत, चंदन मोरे, अंजली सिंह, रंजीत बैन आदि सभी साथी खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




### महापौर एवं एमआईसी सदस्यों ने वितरित किए श्रीराम कथा व प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण पत्र

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं एम आई सी सदस्यों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर श्रीराम कथा एवं भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र वितरित किए। संभाग आयुक्त अनिल सुचारी के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रतिनिधि मंडल ने रुद्राक्ष धाम, सागर में आयोजित होने जा रही सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी दी। महापौर ने बताया कि रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन होना है। वहीं 1 फरवरी को नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर प्रयागराज से पधारे सुप्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक पं. श्री प्रेमभूषण जी महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक भगवान श्रीराम की कथा आयोजित होगी। आमंत्रण पत्र भेंट के दौरान महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, एम आई सी सदस्य विनोद तिवारी, शैलेंद्र ठाकुर, राजकुमार पटेल, संगीता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश यादव, पार्षद रूबी पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़यिा, कृष्ण कुमार पटेल, रिशांक तिवारी आदि उपस्थित रहे।




### ऊर्जा विभाग की समाधान योजना के कैंप का आयोजन

**सागर।** रहली उपसंभाग अंतर्गत ग्राम पटना बुजुर्ग के पंचायत भवन में एवं गढ़ाकोटा उपसंभाग के ग्राम खेजरा के पंचायत भवन में ऊर्जा विभाग की समाधान योजना के कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम के समस्त उपभोक्ताओं को समाधान योजना में बिजली बिलों में सरचार्ज छूट की जानकारी दी गई। कैंप में सागर वृत की अधीक्षण अभियंता श्रीमति चन्द्ररेखा प्रभाकर, रहली कार्यपालन अभियंता श्री पंकज डेहरिया, सहायक अभियंता सी एस पटेल, ओम प्रकाश अग्रवाल, कनिष्ठ अभियंता शैलेन्द्र चौबे, सुरेश मरावी, पटना बुजुर्ग पंचायत सरपंच प्रतिनिधि आशीष जैन के साथ मुख्यालय कर्मचारी एवं ग्राम की जनता उपस्थित रही। कैंप में कैनॉपी टैंट लगाया गया था जिसमे म. प्र. पूर्व क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लि जबलपुर की विभिन्न सेवायों की जानकारी उल्लेखित थी एवं समाधान योजना 2025-25 हितग्राही सेल्फी पॉइंट बनाया गया था जिसमे हितग्राही सेल्फी लेते रहे। अधीक्षण अभियंता मैडम द्वारा कैनॉपी टेंट एवं हितग्राही सेल्फी पॉइंट नवाचार की सराहना की गई एवं समस्त उपभोक्ताओं से समाधान योजना का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। ग्राम पटना बुजुर्ग में मोके पर 40 उपभोक्ताओं से समाधान योजना का लाभ लिया एवं ग्राम खेजरा में 35 उपभोक्ताओं ने समाधान योजना का लाभ लिया।



### आईटीआई सागर में कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** शासकीय सम्भागीय आई टी आई सागर में प्रोजेक्ट तेजस्विनी के संचालन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी भारती उपाध्याय द्वारा सभी महिला प्रशिक्षणार्थियों को ऑटोमोबाइल मैकेनिक एवं डीलरशिप के क्षेत्र में मिलने वाले रोजगार एवं स्वरोजगार अवसरों की जानकारी दी। संस्था की प्राचार्या पूजा तिवारी ने प्रोजेक्ट तेजस्विनी के अंतर्गत महिला प्रशिक्षणार्थियों को ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में चली आ रही लैंगिक असमानता को तोड़ते हुए अपने भविष्य के लिये स्वयं ही मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह किया गया।कार्यक्रम में संस्था से अल्पना श्रीवास्तव, शारदा सेना, श्रंखला श्रीवास्तव, हृदया मिश्रा, राशी चौबे, रुचि जैन एवं पवी सोनी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम थनवारा में रहने वाले अमर सिंह पुत्र मोतीलाल ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को शाम करीब 7 बजे वह गांव में मस्जिद के पास खड़ा था। तभी गांव के ब्रजेश पुत्र लच्छी कुशवाहा आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर ब्रजेश ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी कमला पत्नी कोमल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुशवाहा 21 दिसम्बर की रात में ललितपुर से अपनी मोटर साइकिल नम्बर यू.पी.94 ए.ई. 5441 से आ रहा था। तभी तेरई फाटक के पहले मालवा ढ़ाबा के पास पहुंचा ही था कि रात करीब 9.57 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र धीरज की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एक हजार कर्मचारियों को नहीं मिली तनख्वाह

**विदिशा।** जनवरी माह के 15 दिन बीत जाने के बाद भी नगरपालिका के लगभग एक हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल सका है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल वेतन भुगतान की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना वेतन के कर्मचारी त्योहार कैसे मनाएं। आशीष माहेश्वरी ने बताया कि नगरपालिका के कर्मचारी दिन-रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं, ऐसे में उनका वेतन समय पर न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी कर्मचारी को ईएमआई जमा करनी है, किसी को बच्चों की स्कूल-कॉलेज फीस भरनी है, तो किसी को राशन और गैस सिलेंडर जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

### रिपटा पर पुलिया निर्माण का रास्ता साफ

**ग्यारसपुर।** नेशनल हाईवे-146 बायपास पर स्थित जामुन वाला रिपटा पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों की मांग अब रंग लाती नजर आ रही है। मोहनपुर गांव की निचली बस्ती में बारिश के दौरान जलभराव और घरों के डूबने की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में एसडीएम शशि मिश्रा को आवेदन सौंपा था। जिसके बाद विधायक हरि सिंह रघुवंशी के हस्तक्षेप पर एनएच अधिकारियों से चर्चा हुई। एसडीएम के निर्देश पर एमकेसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर दिगंबर सिंह फौजदार व लाइजनिंग मैनेजर पंकज गुप्ता ने स्थल निरीक्षण कर पुलिया निर्माण का आश्वासन दिया।

### पेयजल संकट, ग्रामीणों ने सौंपा पंचनामा

**ग्यारसपुर।** ग्राम चक्क सीहोद के ग्रामीणों ने नदी के प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किए जाने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार को पंचनामा सहित आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों के अनुसार 27 दिसंबर को बोरी रामपुर घटेरा पंचायत क्षेत्र के कुछ लोगों ने जॉन डियर ट्रैक्टर से नदी पर अवैध पुलिया-डेमनुमा संरचना बना दी, जिससे जल प्रवाह रुक गया। इससे चक्क सीहोद सहित आसपास के गांवों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। सरपंच प्रतिनिधि गजेंद्र यादव ने बताया कि शिकायत व पटवारी निरीक्षण के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे आरोपी उग्र व्यवहार कर रहे हैं।

### जंगल में गश्त कर रहे वनकर्मी, बढ़ाई निगरानी

**शमशाबाद।** वन विभाग द्वारा वन्य प्राणियों को अवैध शिकार से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के तहत शमशाबाद वन परिक्षेत्र में विशेष गश्ती अभियान चलाया गया। यह अभियान वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास के नेतृत्व में गठित गश्ती दल ने शिकार की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल जंगल गश्त की।

---

निरीक्षण में राज्यमंत्री, सदर विधायक, डीएम व एसपी रहे मौजूद

# एनएच 44 पर कैलगुवां ओवरब्रिज की एक लेन का कार्य हुआ पूर्ण: कमिश्नर

### कमिश्नर और डीएम कैलगुवां ने पैदल ओवरब्रिज का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विगत दिनों मंडलायुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, के साथ एनएचएआई झांसी द्वारा एन.एच. 44 पर कैलगुवा रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया।



मंडलायुक्त ने अपने विगत निरीक्षण के दौरान ललितपुर की जनता से वादा किया था कि वह 15 जनवरी को पुनः ललितपुर आएंगे और ओवरब्रिज के निर्माण कार्य व संचालन को देखेंगे, इसके लिए उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए थे कि 15 जनवरी तक पुल के संचालन हेतु 24&7 कार्य करें, जिसके फलस्वरुप आज 15 जनवरी को उन्होंने अपना वादा पूरा किया और ओवरब्रिज का कार्य अपने अंतिम चरण में है। मंडलायुक्त ने कहा कि आगामी कुछ ही दिनों में ओवरब्रिज पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और जनता की सेवा के लिए समर्पित हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने जनपद के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों वी एनएचएआई के अधिकारियों की दिन-रात की गई मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री और सदर विधायक के प्रयासों से जल्द ही यह सौगात जनता को समर्पित होने जा रही है।

### निर्धारित समय में इस काम को पूरा करें

राज्यमंत्री ने कहा कि यह ओवरब्रिज काफी समय से अधूरा था, जिससे जिले में यातायात की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जनता की समस्याओं का संज्ञान लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया गया कि वे निर्धारित समय में इस काम को पूरा करें, जिससे यातायात की समस्या दूर हो सके। अधिकारियों की मेहनत का नतीजा है कि आज यह ओवरब्रिज पूरा होने जा रहा है। सदर विधायक ने कहा कि पूर्व में ओवरब्रिज की धीमी प्रगति के कारण मंडलायुक्त ने और फिर हमने जिलाधिकारी के साथ यहां का निरीक्षण किया था, अधिकारियों को चेतावनी भी दी थी, जिसकी परिणिति यह रही कि आगामी दिनों में इस पर वाहन चलना शुरू हो जाएंगे। यह ललितपुर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धी होगी। इसके और शहजाद नदी के पुल के बन जाने से ललितपुर में जाम की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज ओवरब्रिज के एक लेन का कार्य पूरा हो चुका है, आगामी दो से तीन दिनों में इसे ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा और जल्द ही दूसरी लेन का भी कार्य पूर्ण हो जायेगा। मा जनप्रतिनिधिगणों और मंडलायुक्त महोदय के विशेष प्रयास से यह संभव हो सका है। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

जनता के लिए राहत भरी खबर

# बरेली बस सेवा जल्द शुरू हो सकती: परिवहन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली




पाली क्षेत्र की जनता के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से प्रतीक्षित पाली से बरेली बस सेवा को लेकर सकारात्मक संकेत मिले रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इस बस सेवा को शीघ्र संचालित करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री मनोहरलाल पंथ द्वारा पाली नगर क्षेत्र में 13 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान पाली की आम जनता एवं पान कृषकों ने सांसद व मंत्री के समक्ष पाली से बरेली बस सेवा शुरू किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। इस मांग को क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता बताया गया। इसी क्रम में पाली नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद मनोज चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, पूर्व पार्षद नंद किशोर चौरसिया, खेमचंद्र चौरसिया सहित अन्य लोग शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ स्थित परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के आवास पर उनसे भेंट कर पालीदृबरेली बस सेवा के संचालन से संबंधित ज्ञापन सौंपा और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने मंत्री को बताया कि पाली से बरेली के लिए सीधी बस सेवा न होने के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं पान कृषकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बस सेवा शुरू होने से न केवल यात्रा सुगम होगी बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि पालीदृबरेली बस सेवा को जल्द से जल्द शुरू करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के आश्वासन के बाद पाली क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष और संतोष का माहौल देखा गया। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि शीघ्र ही पाली-बरेली मार्ग पर बस सेवा शुरू होगी।

---

सीतापाठ पर लगा परंपरागत मेला

# जन सैलाब उमड़ा, पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए

**ललितपुर।** मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर गुरुवार को नगर के हृदय स्थल गोविंद सागर बांध पर परंपरागत तरीके से अगाध श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों द्वारा सुबह से ही शुभ मुहूर्त में नदी, तालाबों, पोखरों में जाकर स्नान किया गया और भगवान की आराधना की गयी। वहीं तिल का दान किया गया, जगह-जगह खिचड़ी का वितरण भी किया गया।

मकर संक्रान्ति के पर्व गोविंदसागर बांध की तलहटी में स्थित सीतापाठ के धार्मिक स्थल पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सीतापाठ मंदिर पर स्थित माता सीता मंदिर, बालाजी सरकार समेत हजारिया महादेव का अभिनव श्रृंगार किया गया तो वहीं यहां पर हजारों लोगों ने पहुंच कर गोविंदसागर बांध व सीतापाठ जलाशय में स्नान कर सूर्यनमस्कार किया। तो वहीं लोगों ने मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया व खिचड़ी का वितरण किया गया। इधर रणछोर में भी महायज्ञ प्रारम्भ हो गया। इस दौरान मेला भी लगा। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी धार्मिक क्रियायें मन्दिर के महन्त की देखरेख में सम्पन्न हुईं। कस्बा राजघाट में मकर संक्रान्ति पर्व पर मेला लगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। ब्रह्मलीन हुये सीतापाठ धाम के महन्त अमावसयगिरी महाराज की समाधि स्थल पर भी लोगों ने पूजन-अर्चन किया। इस दौरान सीतापाठ के महन्त जगदगुरु कृष्णागिरी महाराज ने कहा कि भूखों को भोजन अन्नदान रोगी को औषधि दान करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नगरवासी अपने कारण से जनपद सदैव ही प्राकृतिक आपदाओं एवं धार्मिक उन्माद, दंगा आदि से बुराईयों से बचा रहता है तथा यज्ञ अनवरत रहते हैं। इस अवसर अनेकों श्रृद्धालुगण मौजूद रहे।

# श्रीनीलकंठेश्वर धाम मंदिर में श्रदालुओं ने लिया धर्मलाभ



**पाली (ललितपुर)।** विंध्याचल की वादियों में स्थापित भगवान भोलेनाथ के श्रीनीलकंठेश्वर धाम मन्दिर में एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। मेले की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के नगर पंचायत पेयजल, खोया- पाया, सफाई आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटी रही तो वहीं मेले को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए थाना पाली एसएचओ दीपक कुमार अपने पुलिस दलबल के साथ मौजूद रहे। कस्बे में शिवभक्तों की बड़ी आस्था का केंद्र भगवान भोलेनाथ के नीलकंठ धाम पर सुबह से ही शिवभक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। जहां श्रदालुओं में सीतामढ़ी आश्रम जलकुण्ड, नीलकण्ठ जलकुण्ड में आस्था की डुबकी लगाकर तिल स्नान कर पुण्य लाभ लिया और भगवान के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। मेले में लोग हर हर महादेव के जयकारे बोल बम के जयकारों के साथ मेले का आंनन्द उठा रहे थे। मेले में सजी दुकानों पर जहां बच्चों को खेल खिलौने खूब भाए तो महिलाओं ने घर ग्रहस्थी, सौंदर्य सामग्री की खूब खरीददारी की। इन दिनों पाली क्षेत्र के जंगलों में तेंदुए विचरण की चर्चा बनी है, जिसके चलते वन विभाग ने एक सूचना जारी की। साथ ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने लोगों को मेले क्षेत्र से आगे जंगली क्षेत्र में जाने से रोका। मेले का लुत्फ उठाने के बाद बच्चों और महिलाओं ने वहां पास बने पार्क में झूला पट्टी का खूब लुत्फ उठाया।

---

# नाली के निर्माण पर विवाद, युवक ने जल निगम के ठेकेदार को लाठियों से पीटा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय में रहने वाले अमित कुमार पाल पुत्र शिवप्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई अरुण पाल जल निगम में ठेकेदार है।

बीते बुधवार 14 जनवरी को अपराह्न 1.30 बजे उसका भाई लेडियापुरा आजादपुरा द्वितीय में नाली का निर्माण करा रहा था। तभी वहां रहने वाला आनन्द राजपूत पुत्र कृपाल सिंह शराब के नशे में आया और उसके भाई अरूण को निर्माण कराने के लिए मना करने लगा, जिसका उसने विरोध किया तो आनन्द ने उसके भाई को गालियां दीं और लात-घूसों व लाठियों से मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान उसके भाई को सीने व शरीर में गंभीर चोटें आयीं, जिसको मौके पर आसपास के कई लोगों ने बीच-बचाव किया तो उक्त आनन्द उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। लोगों ने उसके भाई को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसके भाई को झांसी रेफर किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आनन्द राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सब्जी विक्रेता से बाइक सवार दबंगो ने की मारपीट

पाली थाना के कस्बा में रहने वाले बृजेश कुमार पुत्र पप्पू ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि बीती 14 जनवरी की रात करीब 8 बजे वह मुख्य बस स्टेण्ड पर अपनी सब्जी की दुकान को बंद कर रहा था, तभी मोटर साइकिल अपाचे संख्या एम.पी.07 एन.एच. 5545 पर सवार होकर कस्बा निवासी ऋषिपाल पुत्र भज्जू पाल व सचिन एकराय होकर आये और उसे गाड़ी मार दी, जिस पर उसने देखकर चलने की बात कही। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं और चले गये। कुछ समय बाद उक्त लोग लौटकर आये और हाथों में लाठी-डण्डे व सरिया से उसके साथ मारपीट कर दी और सब्जी फेंकते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

# बाइक की टक्कर से पति-पत्नी व पुत्र घायल जिला अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट के ग्राम रामपुर मजरा लाटुआ में रहने वाले रमेश पुत्र रामदास कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 22 दिसम्बर 2025 की शाम करीब 6 बजे वह अपनी पत्नी शिवकुमारी व छोटा पुत्र अर्जुन का इलाज कराकर अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.जे. 1876 से अपने घर लौट रहा था। आते समय रास्ते में ग्राम सेरवासकलां के पहले पुलिया के पास उसकी मोटर साइकिल आगे से ड्राईवर की लापरवाही से बाइक नम्बर यू.पी. 94 एफ 9993 ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह अपनी पत्नी व पुत्र के साथ खून से लथपथ हो गया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने एम्ब्युलेंस के जरिए उन्हें सीएचसी तालबेहट पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# श्री 1008 श्रीलालजी मंदिर में श्रद्धालुओं को खिचड़ी बांटी



**बांसी (ललितपुर)।** कस्बा बांसी मे श्रीश्री 1008 श्री लालजी मन्दिर प्रांगण में मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम राजा सरकार के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

श्रद्धालुओं ने भगवान को तिल और गुड़ के लडडू का प्रसाद चढ़ाया। भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पाल बाबा महाराज, अखिलेश खरे, डा.एस.के. सिकदार, गजानंद सुमन, सुरेश गुप्ता, टिंकू गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, अज्जू गुप्ता, राज सुमन, भरत साहू, शैलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

---

# खेत से बिजली का तार ले जाने से मना करने पर मारपीट की

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम दिगवार निवासी चन्द्रभान पुत्र संतोष सिंह लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 जनवरी को अपराह्न करीब 3.15 बजे वह अपने खेत चैकडेम वाले रास्ते पर था, उसी समय गांव के हीरालाल पुत्र बारेलाल उर्फ बल्ले अहिरवार व उसका लड़का रामसेवक अहिरवार, बाबूलाल अहिरवार, हरिश्चंद्र अहिरवार एकराय होकर आये और उसके खेत से बिजली का तार ले जाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर वहां गांव के कप्तान पुत्र सुमिरन लोधी ने आकर उसे बचाया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दहेज की मांग करते हुए महिला से मारपीट

कोतवाली महरौनी के ग्राम जरया में रहने वाली पूजा पत्नी पुष्पेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 जनवरी को 11 से शाम 5 बजे तक उसके साथ घटना हुयी। घटना को लेकर उसने बताया कि उसका पति पुष्पेन्द्र पुत्र चन्द्रभान शराब पिये हुये था और उसे गालियां देते हुये दहेज में कुछ न देने की बात कहने लगा। जब उसने अपने पिता द्वारा सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिये जाने की बात कही तो पुष्पेन्द्र ने विरोध किया तो सास पुख्खन, ससुर चन्द्रभान, अनूपे अहिरवार ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी को 6 साल हो गये हैं। घटना की सूचना उसने अपने भाई अभय को दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

श्री अतिशय क्षेत्र गिरारगिरीजी में होगा आयोजन

# 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गिरारगिरीजी में 16 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान, श्रीआदिनाथ स्वामी निर्वाणोत्सव, वार्षिक मेला, विश्व शांति महायज्ञ एवं भव्य रथोत्सव का आयोजन किया जाएगा।



यह आयोजन आचार्य 108 विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री 108 समत्वसागरमहाराज एवं मुनिश्री शीलसागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। धार्मिक विधि-विधानों का संचालन पंडित मनोज शास्त्री (बगरोही), पंडित देवेंद्र शास्त्री (मड़ावरा) तथा पंडित विकर्ष शास्त्री (सलेहा) द्वारा किया जाएगा। 17 जनवरी को सुबह भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का निर्वाणोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। वहीं रात्रि में दिल्ली के मैजिशियन राजकुमार द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजन समिति द्वारा महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन कर लिया गया है। साथ ही 25 मंडलों के लिए 25 परिवारों का भी चयन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धर्मवीर एंड पार्टी (भोपाल) द्वारा संगीत सेवा तथा चक्रेश जैन (सोजना) द्वारा मंच संचालन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि आयोजन में सान्निध्य प्रदान करने हेतु मुनि श्री 108 समत्वसागरजी महाराज ससंघ का मंगल पद विहार जारी है। 14 जनवरी को सैदपुर से साढूमल के लिए विहार हुआ तथा 15 जनवरी को प्रातः मड़ावरा में भव्य मंगल अगवानी की गई। इस दौरान प्रदीप जैन, राजेश रज्जू, अभिषेक जैन, राजू सौरया, अजित जैन आदि मौजूद रहे।

### मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल के बजाए मुरैना सबलगढ़ जा रहे

# इलाज के लिए मुरैना जिले पर आश्रित बनी विजयपुर क्षेत्र की आधी आबादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वैसे तो पूरा श्योपुर जिला ही स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में दूसरे शहरों पर निर्भर रहा है। श्योपुर विकासखंड की बात करें तो यहां से अधिकतर मरीज इलाज के लिए राजस्थान के शहर सवाई माधोपुर, कोटा एवं बारां जाने के लिए मजबूर बने हुए हैं। जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफरल 90 फीसद मरीजों को भी ग्वालियर के बजाय कोटा राजस्थान ले जाया जाता है।

विजयपुर में तो हालात इससे भी अधिक खराब है यहां लोग मरीजों का इलाज करवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर के बजाए सिटी हॉस्पिटल सबलगढ़ पहुंचना पसंद कर रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज़ के लिए आने वाले मरीजों अथवा दुर्घटना में घायलों की गंभीर स्थिति होने पर डॉक्टर जिला चिकित्सालय श्योपुर के बजाय सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ और मुरैना अथवा ग्वालियर के लिए रेफर कर रहे हैं। विजयपुर विकासखंड की बात की जाए तो वीरपुर से लेकर पूरा विजयपुर बेल्ट आज भी इलाज के लिए या तो निजी चिकित्सकों पर आश्रित है या फिर मुरैना जिले के विकासखंड मुख्यालय सबलगढ़ पहुंचकर सिविल अस्पताल में इलाज कराने को मजबूर हैं। इसका मुख्य कारण विजयपुर अस्पताल में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की हमेशा कमी रहना व विजयपुर से जिला अस्पताल श्योपुर की दूरी करीब 160 किमी और सबलगढ़ की महज़ 36 किमी होना है। विजयपुर के लोगों को सबलगढ़ के सिविल हॉस्पिटल में वो सभी सुविधाएं और इलाज़ मिल रहा है जो जिला अस्पताल में मिलना चाहिए इसलिए विजयपुरवासी 160 किमी सफ़र कर श्योपुर पहुंचने के बजाए सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ में पहुंचकर इलाज करा रहे हैं। यही हाल बीरपुर वासियों का है वह अपना इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीरपुर के बजाए सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ पहुंच कर कराना पसंद है। कारण सबलगढ़ से सभी प्रकार के स्पेशलिस्ट चिकित्सक, सुविधाएं और बीरपुर से सबलगढ़ की दूरी सिर्फ 36 किमी होना है।




#### रेफरल पर इलाज़ के लिए जिला अस्पताल नहीं आते मरीज़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में भर्ती मरीजों एवं घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सक उन्हें या तो नजदीक के सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ के लिए रेफर करते हैं या फिर वह मरीज के कहने पर मुरैना अथवा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर रेफर कर देते हैं। कुल मिलाकर विजयपुर की आदि से अधिक आबादी स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में पड़ोस के जिले मुरैना पर निर्भर है जो सबलगढ़ के सिविल हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सबलगढ़ में विजयपुर वीरपुर एवं आसपास के गांव से जुड़े मरीज़ इलाज़ के लिए अधिक आने के कारण इसका भार सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ के चिकित्सकों को अतिरिक्त काम के बोझ से जूझकर उठाना उठा पड़ रहा है।

#### एक्सरा नहीं हो रहा, एमएलसी के लिए आना पड़ता है श्योपुर

विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन हमेशा खराब रहती है जब एक्स-रे मशीन शासन ने दी थी तो डेढ़ साल तक मशीन के साथ फिल्म नहीं आने से उसका उद्घाटन ही नहीं हुआ था तब हुई शिकवे शिकायत और समाचार पत्र में न्यूज़ निकालने के बाद प्रशासन चेता और एक्स-रे निकालने वाली फिल्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराई गई तब जाकर एक्स-रे शुरू हुए अब हालात यह है की मशीन तो चालू है लेकिन उसे ऑपरेट करने वाला कोई नहीं है और ना ही हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक है जो हाथ पैर टूटने पर एक्स-रे कर उसे जोड़े प्राइवेट लोग मजबूरी में नीम हकीम के पास गलत हड्डी जुड़वाने को मजबूर है वही एमएलसी से जुड़े एक्स-रे के लिए पुलिस को मरीज के साथ श्योपुर पहुंचना पड़ता है इसके लिए जुगाड़ यह निकाला हुआ कि चिकित्सक एक्स-रे लिखते ही नहीं है। इससे पुलिस फरियादी और आरोपी सभी पक्ष संतुष्ट हैं।

#### डेढ़ साल लगेगा सिविल हॉस्पिटल को बनने में

नई बिल्डिंग बनाई जा रही है, अनुबंध के अनुसार 2 साल में निर्माण पूरा होना है 6 माह गुजर चुके हैं फिलहाल डेढ़ साल और निर्माण में लगना तय हैं ऐसी स्थिति में अभी ओर समय विजयपुर वासियों को इलाज के लिए सबलगढ़ पर ही आश्रित रहना पड़ेगा।

#### इनका कहना है

विजयपुर में सिविल अस्पताल के लिए जो बिल्डिंग बनाई जा रही है उसका निर्माण तेजी से चल रहा है ठेकेदार को अनुबंध सीमा से पहले बिल्डिंग बनाने के निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने दिए हैं। दूरी अधिक होने के कारण मरीजों का विजयपुर से श्योपुर आना मुश्किल हो रहा है एक्स-रे से जुड़ी समस्या को में दिखवाता हूं।

डॉ दिलीप सिंह सिकरवार
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्योपुर

### रामकथा के सातवें दिन किया गया विभिन्न प्रसंगो का वर्णन

# भगवान श्रीराम का पूरा चरित्र मानव जीवन के लिए आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ग्राम नागदा में आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा के सातवे दिन कथा व्यास पं हरिओम शरण शास्त्री ने दशरथ मरण, भरत मिलाप, चित्रकूट में अनुसुइया माता द्वारा सीताजी को पतिवृत्य धर्म उपदेश, वनवास में शबरी के झूठे बेर खाना, सुग्रीव से मित्रता कर बाली का वध करना सहित अन्य कई प्रसंगो का मनोहारी वर्णन किया। कथा के दौरान बीच बीच में गाए भजनों पर श्रद्धालुओ ने खूब नृत्य किया।

कथा व्यास पं हरिओम शरण शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के चरित्र से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। क्योंकि उनका पूरा चरित्र मानव जीवन के लिए आदर्श रहा है। उन्होने कहा कि जब-जब धरती पर पापाचार और अत्याचार बढ़ता है, प्रभु किसी न किसी रूप में अवतार लेकर दुष्टों का संहार करते हैं। उन्होंने श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख किया, उन्होंने यह भी बताया कि कलयुग में भवसागर से पार उतरने का सबसे सरल माध्यम भगवान का संकीर्तन है। कथा श्रवण करने के लिए बडी संख्या में श्रोता कथा स्थल पर मौजूद रहे।

# प्रेमसर में सत्संग कार्यक्रम आयोजित विधायक समेत कई श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ग्राम प्रेमसर में गीता रामायण उत्सव समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के पहले दिन गांव के बडे मंदिर पर 108 रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वहीं दूसरे दिन नगर प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद शुक्रवार की सुबह सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया,जिसमें भजनों पर श्रद्धालुओं ने खूब झूमे। इस कार्यक्रम में विधायक बाबू जंडेल समेत बडी संख्या में गीता रामायण उत्सव समिति से जुडे श्रद्धालु शामिल हुए। इस उत्संग का समापन भंडारे के साथ किया गया।

### हरनामचंद का डेरा में हिंदू सम्मेलन आयोजित,निकाली भव्य कलश यात्रा

# विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए हिंदू समाज का एकजुट रहना आवश्यकः चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनो के क्रम में सेमल्दा मंडल का हिंदू सम्मेलन शुक्रवार को धीरोला हरनामचंद का डेरा स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। गाजेबाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा क्यारपुरा के हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुई। प्रमुख मार्गो से होते हुए कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां भारत माता के पूजन के साथ हिंदू सम्मेलन आरंभ हुआ। हिंदू सम्मेलन में बडी संख्या में पहुंचे हिंदू समाज की विभिन्न जाति समाज के महिला पुरुषों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने कहा कि "हिंदू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है।" उन्होंने कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए भारत में हिंदू समाज का एकजुट रहना आज नितांत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भारत एक शरीर है तो हिंदू उसकी आत्मा हैं और यह संबंध सनातन काल से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि "एक पनघट और एक मरघट पर सभी भेद समाप्त हो जाते हैं, यही समरसता का वास्तविक स्वरूप है। उन्होने पंच परिवर्तन के बारे में बताते हुए इसे अपने जीवन में अपनाने का आग्रह भी उपस्थित लोगों से किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित नौनार सरकार धाम के महंत संत श्री गोपाल दास महाराज ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक जुटता के साथ रहने का आह्वान किया। मंच पर विभिन्न समाजो के प्रमुख लोग मंचासीन थे।



#### नहीं तोडी जात-पात की बेढिया तो फिर जकड लेगी गुलामी के जंजीरे

हिंदू सम्मेलन को गांव की एक युवती विजय लक्ष्मी रावत ने संबोधित करते हुए एक जुट होने का आहवान किया।उन्होंने कहा कि अब भी हम नहीं जागे और हमने जात पात की बेढियों को नहीं तोडा तो यह तय मान लो हमे फिर से गुलामी की जंजीरे जकड लेगी। इसलिए हमे जात पात का भेंद भुलाकर एक जुट होना होगा। तभी हमारा राष्ट्र और समाज सुरक्षित रह सकेगा।

#### शहर की दो बस्तियों समेत 9 स्थानों पर हिंदू सम्मेलन कल

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के मुताबिक रविवार 18 जनवरी को शहर की महाबीर बस्ती और गणेश बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। महावीर बस्ती का हिंदू सम्मेलन जहां जैन नोहरे में आयोजित किया जाएगा,वहीं गणेश बस्ती का हिंदू सम्मेलन शहर के उत्कृष्ट स्कूल परिसर में आयोजित होगा। इसके अलावा अजापुरा, बडौदा, कलारना, प्रेमसर, मानपुर तथा वीरपुर में भी 18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# बड़ौदा में घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर 13 सिलेंडरों को किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेडरो के व्यवसायिक दुरूपयोग पाये जाने पर बडौदा में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 13 सिलेण्डर जब्त किये गये है। फूड इस्पेक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक रूप से दुरूपयोग करते पाये जाने पर कोटा कचौरी बागर तिराहा बड़ौदा, रेनू मिष्ठान भण्डार एवं रेस्टोरेंट बागर तिराहा बड़ौदा, सांवरिया सेठ ढाबा एण्ड फेमिली रेस्टोरेंट बागर तिराहा बड़ौदा, भैरूलाल कचौरी मैन बाजार बड़ौदा एवं आशु कैफे सब्जी मण्डी बड़ौदा द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की कण्डिका 3.1(ग) का उल्लघंन होने की स्थिती मे 13 घरेलू गैस सिलेडर जप्त कर वसुन्धरा गैस ऐजेन्सी बडौदा की सुपुर्दगी मे दिये गये एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रेषित किये गये है। उन्होने सभी प्रतिष्ठान संचालको को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक उपयोग न करे अन्यथा कठोर कार्यवाही की जावेगी।

# कुराचोर की 18 हेक्टयर से अधिक भूमि शासकीय दर्ज करने का आदेश पारित

श्योपुर। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग कराहल बीएस श्रीवास्तव द्वारा तहसील कराहल अंतर्गत ग्राम कुराचोर कला की 18.168 हेक्टयर भूमि पर 11 व्यक्तियो के नाम से की गई अवैध प्रविष्टियों को विलोपित कर उक्त समस्त भूमि शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। परित आदेश के अनुसार न्यायालय तहसीलदार, तहसील कराहल के प्रकरण क्रमांक 0414/बी-121/2023-24 से प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम कुराचोरकलां के निवासियों द्वारा गलत तरीके से फर्जी एन्ट्री कराई गई है, उक्त व्यक्तियों में विमलेश पत्नी वृंदावन जाति ब्राम्हण सर्वे क्रमांक 53, 63, 95 कुल रकवा 1.766 हेक्टेयर, द्वारिका पुत्र बद्री अहीर सर्वे क्रमांक 146 रकवा 1.369 हेक्टेयर,सर्वे क्रमांक 167 रकवा 0.575 हेक्टेयर,सुशीला पत्नी वीरेन्द्र अहीर सर्वे क्रमांक186/2 रकवा 0.251 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 189 रकवा 1.035 हेक्टेयर व193/4 रकवा 0.627हे.,शैलेन्द्र पुत्र शिवसिंह गुर्जर सर्वे क्रमांक 25/1 रकवा1.933 हेक्टेयर, सुनीता पत्नी हाकिम अहीर सर्वे क्रमांक 193/3 रकवा 1.150 हे. व सर्वे क्रमांक 193/6 रकवा 0.836 हेक्टेयर,महेन्द्र पुत्र गुलाब सिह खटीक सर्वे क्रमांक 96,97,98,103 कुल रकवा 1.902 हेक्टेयर,मंजू पत्नी हरिबल्लभ तेती 104/1 रकवा 0.627 हेक्टेयरव सर्वे क्रमांक 114/1 रकवा 1.338 हेक्टेयर,रामलखन पुत्र तुलाराम अहीर सर्वे क्रमांक 186/1 रकवा 1.463 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक 188/1 रकवा 0.418 हेक्टेयर, रामा पत्नी शेलेन्द्र गुर्जर सर्वे क्रमांक 27/1 रकवा 1.996 हेक्टेयर,अमरजीत पुत्र खरगे अहीर सर्वे क्रमांक 137/1 रकवा 1.045 हेक्टेयरव सर्वे क्रमांक 164 रकवा 0.867 हेक्टेयर,गीता पत्नी वाले गुर्जर सर्वे क्रमांक 229/2/1 रकवा 1.787 हेक्टेयर भूमि जो संवत 2039-43, संवत2054-58 तथा सन 2004-2008 के खसरा पंचशाला हस्तलिखित में उक्त सर्वे नं. शासकीय दर्ज है तथा हस्तलिखित खसरा पंचशाला संवत 2064-68 में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के सीधी प्रविष्टि की गई है। प्रकरण के अवलोकन में प्रथम दृष्टया तहसीलदार तहसील कराहल के प्रकरण अनुसार अवैध प्रविष्टियां कूटरचित तरीके से संवत 2064-68 में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश से अमल होना प्रतिवेदित किया गया है एवं उक्त सर्वे नम्बरों पर से अनावेदकगणों के नाम हटाये जाने व उक्त सर्वे नम्बरों को शासकीय घोषित किया जाने हेतु प्रेषित किया गया है। उक्त कोई भी व्यक्ति ग्राम में निवास नहीं करता है। ग्राम कुराचोरकलां तहसील कराहल अधिसूचित क्षेत्र है तथा अधिसूचित क्षेत्र में एसटी/एससी से भिन्न वर्ग के व्यक्तियों को पट्टा प्राप्त करने की पात्रता नहीं थी। अनावेदकगण ग्राम कुराचोरकलां को दस्तावेज/साक्ष्य प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया किन्तु प्रस्तुत नहीं किये गये। अतः तहसीलदार तहसील कराहल द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर उपरोक्त सूची में अंकित 01 लगायत 11 व्यक्तियों ग्राम के निवासी नहीं हैं हस्तलिखित खसरा संवत 2039-43, संवत 2054-58 वर्ष 2004-2008 के खसरा पंचशाला में उक्त सर्वे नम्बर शासकीय दर्ज हैं। बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा के अवैध प्रविष्टी/अवैध अंतरण किये जाने से अंकित उनके नाम की अवैध प्रविष्टि को वर्तमान कम्प्यूटर खसरा से विलोपित कर उक्त समस्त भूमि शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है।



**दुर्घटनाओं का हाईवे :** श्योपुर।एनएच 552 का जब से नया निर्माण हुआ है तब से इस मार्ग पर वाहनों के पहिए कुछ अधिक तेजी से घूमने लगे हैं शहर के बाहर हो या शहर के भीतर आए दिन दुर्घटना हो रही है। ऐसा ही नजर गुरूवार की रात तब देखने को मिला जब शिवपुरी रोड पर एक कार डिवाइडर के बीचों बीच चढ़ गई।

#### यातायात पुलिस ने आधा सैकड़ा बसों पर लगाए स्टीकर

श्योपुर। मै भी प्रहरी अभियान के तहत शुक्रवार को यातायात थाना पुलिस की टीम ने शहर के विभिन्न मार्गो पर चलने वाली करीब आधा सैकडा यात्री बसों पर स्टीकर लगाए और बस में सवार यात्रियों को इस संबंध में जागरूक भी किया गया। यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि में भी प्रहरी अभियान सुरक्षित बस यात्रा संबंधी प्रावधानों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने और एम वी एक्ट के नियमों को लागू करने में बस यात्रियों की सहभागिता बढाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरने वाली यात्री बसो में स्टीकर लगाते हुए यात्रियों को इस अभियान को लेकर जागरूक किया गया।



### होम स्टे को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

# विविध संस्कृतियों, परंपराओं को नजदीकी से समझने में उपयोगी साबित होगा होम स्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

होम स्टे एक ऐसा माध्यम है, जिससे विविध संस्कृतियों एवं परम्पराओं को नजदीकी से जानने और समझने का अवसर उपलब्ध होते है। टूरिस्ट के रूप में आने वाले टूरिस्टर अपने साथ अपने क्षेत्र की संस्कृति और परम्पराओं को दूसरे स्थानों पर सांझा करते है, वही स्थानीय संस्कृति से रूबरू होते है। आज के दौर में होम स्टे तेजी से बढता व्यवसाय है। पर्यटन के क्षेत्र में इसकी मांग निरंतर बढती जा रही है। श्योपुर जिले की एतिहासिक पृष्ठभूमि, नेसर्गिक वन क्षेत्र और कूनो नेशनल पार्क भी पर्यटको को आकर्षित कर रहे है, ऐसे में स्थानीय कला, भाषा, संस्कृति, परम्परा, खानपान में रूचि रखने वाले पर्यटको के लिए होम स्टे की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

यह बात अपर कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल रूपेश उपाध्याय ने शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में होम स्टे पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। शहर के शिवपुरी रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यशाला के दौरान भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, अंजुमन सदर मोहम्मद शब्बीर नागौरी, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष सुमित सिंहल, सतीश समाधिया, अशोक सर्राफ, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल की होम स्टे मैनेजर गायत्री शर्मा, कोडिनेटर परमेन्दर रावत, योगेश विश्वकर्मा, देव सोनी आदि उपस्थित थे।



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल की होम स्टे मैनेजर गायत्री शर्मा ने बताया कि यदि आपके घर में एक से एक एवं अधिकतम 6 अतिरिक्त कक्ष है, और आप अपने घर के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करना चाहते है, तो होम स्टे प्रारंभ कर सकते है। उन्होंने जानकारी दी कि होम स्टे स्थापना, फार्म स्टे स्थापना तथा ग्राम स्टे स्थापना के साथ ही बेड एवं ब्रेकफास्ट स्थापना के लिए पंजीयन कराये जा सकते है। होम स्टे के माध्यम से पर्यटको को स्थानीय लोक संस्कृति, परम्पराओं तथा खानपान से अवगत होने का अवसर मिलता है। इस योजना अंतर्गत गृह स्वामी अपने आवास के किसी भी भाग को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटको को आवासीय सुविधा के लिए उपलब्ध करा सकते है, इसके लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड में पंजीयन कराना होता है। होम स्टे के लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड द्वारा वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है। गोल्ड श्रेणी में पंजीकृत होम स्टे को 25 हजार एवं डायमंड श्रेणी में पंजीकृत होम स्टे को वन टाइम 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। होम स्टे का ब्रोशर अथवा व्यवसायिक बनाने के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये दिये जाते है। इस अवसर पर होम स्टे और उनके माध्यम से प्रदाय सुविधाओं पर आधारित वीडियो के साथ प्रोमोशनल वीडियों का प्रदर्शन किया गया।




#### पुराने कलेक्ट्रेट परिसर में मिलेट फेस्टिवल का शुभारंभ

आजीविका मिशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का जो सपना सरकार ने देखा था वो आज यहां साकार होता दिखाई दे रहा है जहां फूट फेस्टिवल में आदिवासी बहनों ने ऐसे प्रोडेक्ट प्रदर्शन के लिए रखे जो न सिर्फ लोगों को पोषण देंगे बल्कि ठीक बाहर मिलने पर वह इस प्रोडक्शन के माध्यम से अच्छी उद्यमी बन सकती हैं। यह बात नगरपालिका परिषद उपाध्यक्ष संजय महाना ने शुक्रवार को पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मिलेटिन फूड फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर कही। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में 05 दिवसीय मिलेट फेस्टिवल का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, पूर्व जनपद सदस्य एवं समूह की सदस्य मिकुडी बाई पटेलिया, नेहा कुलश्रेष्ठ, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल सहित गणमान्य नागरिका एवं समूह की महिलाएं मौजूद रही। एनआरएलएम के डीपीएम सोहनकृष्ण मुदगल ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिप सीईओ सौम्या आनंद के निर्देशन में शुरू किए गए फेस्टिवल में स्वदेशी व्यंजन एवं आजीविका उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय 16 से 20 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक मिलेट फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा।

### ऐरण महोत्सव में देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रोताओं ने लिया आनंद

# ऐरण विश्व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा जिससे रोजगार के अवसर मिलेंगे : प्रभारी मंत्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ऐरण विश्व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा जिससे की युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे एवं क्षेत्र समृद्ध बनेगा, विरासत से विकास की उड़ान भी शुरू होगी। उक्त विचार उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बीना में आयोजित तीन दिवसीय ऐरण महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ऐरण महोत्सव में बोलते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार ऐतिहासिक स्थलों पर महोत्सव आयोजित कर उनकी गरिमा एवं पर्यटन को बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में यह ऐरण विश्व पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित होगा और यहां बड़ी संख्या में सैलानी एवं पर्यटक आएंगे। उन्होंने कहा कि यहां बीना नदी के कारण यह स्थल और भी मनोरम है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक विष्णु भगवान की मूर्ति देखकर लगता है कि सैकड़ों हजारों वर्ष पूर्व भी यहां के कलाकार कितने कुशल एवं दक्ष होंगे, जिन्होंने इतनी अच्छी नक्काशी के माध्यम से उनको मूर्ति रूप दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास परंपरा को आधुनिकता से जोड़ने का कार्य ऐरण महोत्सव करेगा।

प्रभारी मंत्री शुक्ल ने कहा कि यह ऐरण महोत्सव के माध्यम से कला संस्कृति को जहां मंच मिल रहा है वहीं संस्कृति एवं इतिहास से सभी अवगत भी हो रहे हैं। विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि ऐरण महोत्सव बीना सहित बुंदेलखंड एवं मध्य प्रदेश के गौरव का पुरातत्व स्थल है। जिससे पूरे विश्व में सागर की पहचान स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि 4 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वादा किया था। आज मुख्यमंत्री द्वारा यह वादा पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐरण बुंदेलखंड सहित विश्व की धरोहर है। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा सभी क्षेत्र में कार्य किया जा रहे हैं और यह ऐरण महोत्सव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयास के माध्यम से किया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री ने की गंगा आरती- उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ऐरण में बीना नदी में गंगा आरती की। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, अरुणोदय चौबे, शशि कैथोरिया, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम विजय डेहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद रहा।

**प्रभारी मंत्री ने डॉक्टर मोहन चढ़ार व डॉक्टर नागेश दुबे को किया सम्मानित**



ऐरण महोत्सव के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पुरातत्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर मोहन चढ़ार एवं डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नागेश दुबे को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। 1700 वर्ष पुराने ऐरण के विष्णु भगवान के मंदिर एवं विभिन्न अवतारों की पुरातत्व विभाग के अधिकारी डॉ मोहन चढ़ार एवं डॉ नागेश दुबे ने विस्तार से जानकारी दी।

### राष्ट्रपति के नाम पुलिस निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा

## प्रदेश में महिला उत्पीड़न व खिमलासा केस को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

प्रदेश में महिलाओं की अस्मिता सुरक्षित नहीं है। जिस तरह से पूरे प्रदेश में महिला उत्पीड़न के केस सामने आ रहे हैं, प्रदेश में भाजपा सरकार को सरकार चलाने का अधिकार नहीं है। यहां की जनप्रतिनिधि विधायक जो खुद एक महिला हैं। उनके क्षेत्र में इस तरह की घिनौनी घटना होने के बावजूद वह राई देखने में मशगूल हैं उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यह बात शुक्रवार को अंबेडकर तिराहा पर जिला महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में मध्य प्रदेश कांग्रेस उत्पीड़न प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कही। उनका कहना था खिमलासा में 3 साल की बच्ची के साथ जो घटना घटित हुई है उसे न्याय मिलना चाहिए।


पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है, युवाओं को रोजगार नहीं है, लोग पीड़ित और परेशान हैं। आज जिस तरह पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ जो घटनाएं हो रही है वह निंदनीय है। खिमलासा में पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए एवं पास्को एक्ट के तहत केस कायम किया जाए एवं फास्ट कोर्ट में केस चले ताकि शीघ्र न्याय मिल सके। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ जो दुराचार हो रहा है वह निंदनीय है। पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिले।

इस मौके पर मध्य प्रदेश महिला उत्पीड़न मामले की अध्यक्ष प्रियंका किरार के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम पुलिस निरीक्षक अनूप यादव को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर विशेष रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, शहर अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उमा महेंद्र नवैया, रेखा सोनी, विमल अहिरवार, गीता कुशवाहा, एडवोकेट कृष्ण कैथोरिया, शशि राज, कविता नाहर, देवेंद्र कुशवाहा, एडवोकेट राजा राम अहिरवार, अशोक परिहार, प्रमोद राय, ओमप्रकाश पासु, पीपी नायक, विनोद पोरिया आदि ने विचार रखे।

आधा सैकड़ा घरों पर मंडरा रहा हाईटेंशन खतरा !

## बस्ती में से निकली है हाईटेंशन लाइन, जद में आ रहे कई मकान, हटाने पर विचार करे कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बहादुरपुर कस्बे की बस्ती के एक बड़े हिस्से में से करीब चालीस वर्ष पुरानी ग्यारह केवी की हाई टेंशन लाइन निकली है। इस लाइन की जद में आधा सैकड़ा से ज्यादा घर हैं, इन घरों में रहने वाले लोगों को हादसे का भय सताता है। इनका कहना है कि उन्होंने कई बार इसे हटवाने के लिए आवेदन दिए हैं लेकिन स्थानीय कार्यालय में उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

बताया गया है कि स्थानीय सब स्टेशन से ग्यारह केवी की एक हाई टेंशन लाइन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास से होती हुई बस्ती में से निकलकर ग्रामीण फीडर के गांवों में गई है। इस लाइन के नीचे बबलू प्रजापति, शिवचरण वाल्मीकि, कंछेदी पाल, देवेंद्र पाल, शांति बाई वशिष्ठ, अंसार खान, दिमान सिंह गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश नारायण पाठक, कृष्ण मुरारी शर्मा और चंदू पंथी के मकान बने हुए हैं। आसपास घनी बस्ती है, जिन लोगों के मकान लाइन के नीचे बने हैं, उन्हें सबसे ज्यादा खतरा है। कृष्ण मुरारी शर्मा एक बार इस लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस चुके हैं। इस घटना के बाद भी कंपनी इस लाइन को हटाने के लिए गंभीर नहीं हुई।

लाइन के नीचे बने कई घरों में जगह की कमी है, इनके मालिकों को दो मंजिल मकान बनाने की जरूरत महसूस होती है लेकिन लाइन छत से कुछ ऊंचाई पर है, इस कारण दूसरी मंजिल बनाने की सोच भी नहीं पाते। शांति बाई बताती हैं कि कुछ दिनों पहले उन्होंने दो पक्के कमरे बनवाए हैं। इन कमरों की तलाई करते वक्त हमेशा करंट लगने का भय सताता रहा। छत का ज्यादा उपयोग भी नहीं हो पाता। इसी तरह बबलू प्रजापति ने बताया कि पहले लाइन उनके घर से नहीं थी, करीब पन्द्रह वर्ष पहले तात्कालीन कंपनी अधिकारी ने कुछ महीनों के लिए खंभा लगाने की बोलकर लाइन खड़ी कर दी। अब कोई सुनने तैयार नहीं है।

### छज्जे निकाल कर सर्विस लाइन बन गई खतरनाक

कस्बे की अंदरूनी गलियों में लोगों ने अपने मकानों के छज्जे बाहर की ओर कहीं कहीं तीन फिट तक निकाल लिए हैं। कुछ जगह खंभे भी छज्जों के अंदर कर लिए। अब यह सर्विस लाइन भी खतरे का सबब बन गई है। कायदे से कंपनी को इन छज्जों को अवैध बताते हुए कार्रवाई करना चाहिए ।

**इनका कहना है**

हम अपनी तकनीकी टीम से हाई टेंशन लाइन का सर्वेक्षण करा लेते हैं, फिर योजना बनाएंगे कि इसे किस तरह से हटाया जाए। **विपिन श्रीवास्तव,** उप महा प्रबंधक, बिजली कंपनी मुंगावली

## गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में खेलो एमपी अंडर-18 वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गोमती नंदन पब्लिक स्कूल द्वारा खेलो एमपी अंतर्गत अंडर-18 (बालक एवं बालिका) वॉलीबॉल प्रतियोगिता का बीना ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल एवं अकादमी डायरेक्टर संतोष रजक ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में गिरोल नंबर-1, डीएवी एवं जीएनपीएस के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे— प्रतियोगिता में गिरोल और डीएवी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें में डीएवी विजेता रहा। जबकि डीएवी और जीएनपीएस के मुकाबले में जीएनपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसी क्रम में भाई जेपी सदर पटेल स्कूल में आयोजित खेलो एमपी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में खो-खो में जीएनपीएस उपविजेता रहा। वहीं एथलेटिक्स (100 मीटर दौड़) में जीएनपीएस के अरनव रिछारिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी अब 18 से 20 जनवरी तक सागर में आयोजित जिला स्तरीय खेलो एमपी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने कोच गीतिश रैकवार, कोमल पटेल, करतार सिंह यादव एवं शिखा मिश्रा को बधाई दी तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चीता पुलिस की त्वरित कर्रवाई से 4 वर्षीय बालिका को सकुशल परिजनों से मिलाया

**अशोकनगर।** थाना कोतवाली द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 04 वर्षीय बालिका को सकुशल दस्तयाव कर परिजनों से मिलाया गया। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को थाना कोतवाली अशोकनगर अंतर्गत जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार हेतु आई एक महिला की 04 वर्षीया बालिका अचानक उससे बिछड़ गई। बालिका के गुम होने की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा बिना समय गंवाए चीता मोबाइल-02 को सक्रिय कर जिला अस्पताल परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश की गई। पुलिसकर्मियों की सतर्कता एवं कुशल कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप अल्प समय में बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। तत्पश्चात आवश्यक पूछताछ एवं पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंपा गया। 15 जनवरी फोटो न.04 पुलिस ने 4 वर्षीय बालिका को दस्तयाब कर परिवारजनों को सौंपा।

### सड़क दुर्घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं जिले के नईसरायं थाने के अतंर्गत कलारीपुरा निवासी पप्पू जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रमेश साहू ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत कदवाया निवासी गोलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 08 एमजे 9581 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी कल्ला प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रक क्रमांक एमपी 30 एचओ 514 के चालक ने अपने ट्रक को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं हैं।

### तेजस्वी फाउंडेशन ने आदिवासी बस्ती में मनाई मकर संक्रांति

**अशोकनगर।** गुरूवार को मकर संक्रांति का पर्व तेजस्वी फाउंडेशन के तत्वाधान में अशोकनगर जिले से 10 किलोमीटर दूर स्थित मड़खेड़ा गांव की आदिवासी बस्ती में जाकर मनाया। जहां क्लब के सदस्यों ने गरीब वस्ती में निवासरत आदिवासी लोगों को खिचड़ी और तिल के लड्डू एवं कपड़े भी बांटे गए। इस अवसर पर मकर संक्रांति का महत्व सभी को बताया। कार्यक्रम में तेजस्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष भारती साहू, महक साहू, कमलेश दुबे, अर्चना उपाध्याय, दुर्गेश आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

## गर्ल्स कॉलेज में चल रहा 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण, छात्राओं ने सीखे मेकअप के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस एक माह तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कॉलेज की छात्राओं को ब्यूटी इंडस्ट्री की बारीकियों और स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने इस पहल की सराहना की।

प्रशिक्षण के दौरान ब्यूटी पार्लर संचालक और मुख्य प्रशिक्षक रानी जैन ने छात्राओं को प्रोफेशनल मेकअप की कला सिखाई। उन्होंने विशेष रूप से ब्राइडल मेकअप और आई-मेकअप की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। जैन ने फेस मेकअप और साइड मेकअप के विभिन्न चरणों को समझाते हुए बताया कि किस प्रकार चेहरे की बनावट और त्वचा के रंग के अनुसार सही उत्पादों का चयन कर एक आकर्षक लुक दिया जा सकता है।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह, 30 दिवसीय प्रशिक्षण छात्राओं के कौशल विकास के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि इस लंबी अवधि के कोर्स का खाका इस तरह तैयार किया गया है कि छात्राएं बेसिक से लेकर एडवांस ब्यूटी कोर्स की हर छोटी-बड़ी जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे इस हुनर को सीखकर स्वयं के पैरों पर खड़ी हों।

### अहिरवार समाज संघ भारत के स्थापना दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# 'अनूसूचित जाति के समाजों को एकजुट रहना चाहिए'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



अहिरवार समाज संघ भारत मध्य प्रदेश का 26 वें स्थापना दिवस पर ग्राम हिरनछिपा स्थित सामुदायिक भवन में संघ की बीना शाखा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे, संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश सूर्यवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमान सिंह बौद्ध तथा प्रांतीय अध्यक्ष एमएल वर्मा पूर्व डीएसपी आदि के द्वारा महापुरुषों के छायाचित्र के समक्ष मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में महिला, छात्र-छात्राओं, पुरुषों की खेल प्रतियोगिता में आयोजित की गई। जिसमें रस्सा खींच, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, सुई धागा दौड़, नींबू दौड़ आदि खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 2 अक्टूबर को दीक्षा भूमि नागपुर जाने वाले महानुभव को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि अनूसूचित जाति के सभी समाजों को एकजुट रहना चाहिए, अलग-अलग संगठनों में नहीं बटना है। जिससे हम कमजोर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि संघ के लिए 15 लाख की राशि की घोषणा की थी जो आज पंचायत के खाते में आ चुकी है और मैने अपना वादा निभाया। शीघ्र ही अहिरवार समाज संघ उसका भूमि पूजन कराकर भवन को तैयार करा लें।

इसके बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर जगदीश सूर्यवंशी ने कहा कि आज ही के दिन 14 जनवरी सन 2000 में संघ का गठन किया गया था। जो कि समाज में व्याप्त कूरीतियां, अंधविश्वास, रूढ़िवादिता से मुक्त कर शिक्षित, सक्षम नशा मुक्त समाज का निर्माण करना एवं अन्य पीडित समाजों पर होने वाले अन्याय अत्याचारों पीड़ितो को न्याय दिलाना तथा उत्पीड़न को रोकने का कार्य करना एवं महापुरुषों की विचारधारा को घर-घर पहुंचना है। कार्यक्रम में कई जिलों के पदाधिकारी ने हिस्सा लिया सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक संभागीय कार्यवाहक अध्यक्ष इंजीनियर रामेश्वर प्रसाद रोहित, संभागीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद अहिरवार सागर, शिवचरण मेशन खुरई, संभागीय उपाध्यक्ष राजाराम अहिरवार खिमलासा, जिला युवा उपाध्यक्ष वीरेंद्र राजोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल अहिरवार, नगर अध्यक्ष रोशनलाल अहिरवार आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।